नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 216, पृष्ठ 12)
आषाढ़, कृष्ण षष्ठी संवत् 2083
रविवार, 5 जुलाई 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com

भोपाल संस्करण

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

तापमान

भोपाल	24.0°	29.0°
इंदौर	22.0°	29.0°
जबलपुर	24.0°	29.0°
ग्वालियर	26.0°	33.0 °
सागर	25.0°	30.0 °

राजधानी... बूथ लेवल अधिकारी लोकतंत्र की नींव ...

खेल... पूर्व विश्व चैंपियन व्लादिमीर क्रामनिक पर फिडे ...

व्यापार... केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने खिलौना उद्योग ...

देश-विदेश... चीन पर जापान की घेराबंदीः भारत की भूमिका...

वैभव सूर्यवंशी भारत के लिए सबसे युवा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर

- 15 वर्ष 99 दिन की आयु में इंग्लैंड के खिलाफ पिच पर उतरे भारतीय खिलाड़ी

मैनचेस्टर, एजेंसीः भारतीय क्रिकेट के युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी ने शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में पदार्पण कर नया इतिहास रच दिया। 15 वर्ष 99 दिन की आयु में वह भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। मुकाबले से पहले उपकप्तान तिलक वर्मा ने उन्हें पदार्पण टोपी प्रदान की। शेफाली वर्मा ने 15 वर्ष 239 दिन तथा सचिन तेंदुलकर ने 16 वर्ष 205 दिन की आयु में भारत के लिए पहला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला था। भारत ने दूसरे टी-20 में इंग्लैंड को 191 रन का टारगेट दिया। ईशान किशन ने 49 रन की पारी खेली। वैभव सूर्यवंशी डेब्यू मैच में दो छक्के मारकर 14 रन बनाए। विल जैक्स के ऑफ स्टंप की बाहर की गेंद पर वैभव क्रीज छोड़कर बड़ा शॉट खेलने निकले, लेकिन बल्ला गेंद से नहीं लगा। विकेटकीपर जॉस बटलर ने गिल्लियां बिखेर दीं। अभिषेक शर्मा ने 43 और कप्तान श्रेयस अय्यर ने 37 रन बनाए। आखिर में तिलक वर्मा ने 11 गेंदों में नाबाद 24 रन की पारी खेली। जवाब में इंग्लैंड ने 19 ओवर में 6 विकेट गंवाकर 191 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

केंद्र सरकार ने 23 और आतंकियों के नाम किए उजागर

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः केंद्र सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी शून्य सहनशीलता नीति के तहत बड़ा कदम उठाते हुए 23 और व्यक्तियों को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के तहत आतंकवादी घोषित किया है। गृह मंत्रालय ने यह कार्रवाई केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में की है। गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार देश और देशवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक आतंकी तंत्र को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। गृह मंत्रालय के अनुसार घोषित किए गए 23 आतंकवादियों में 17 पाकिस्तानी नागरिक और छह भारतीय नागरिक हैं। सभी वर्तमान में पाकिस्तान अथवा पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर से भारत विरोधी गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं। मुफ्ती मोहम्मद असग़र खान नगरोटा सेना कैंप पर हमले का मुख्य साजिशकर्ता। हाफ़िज़ अब्दुल शकूर समन्वय करता है। अब्दुल्ला जिहादी भारत सरकार के खिलाफ घृणा और असंतोष फैलाने के प्रयास किए। फ़िरदौस अहमद भट युवाओं को भड़काकर आतंकी बनाता है। गुलाम फरीद जैश-ए-मोहम्मद से संबंध रखता है। हारून रशीद गनई गोला-बारूद की आपूर्ति करता है। बिलाल अहमद मीर जिहाद के लिए उकसाने और भड़काने की साजिश रचता है। आबिद कयूम लोन लश्कर के लिए धन जुटाने का काम करता है। नज़ीर अहमद गुज्जर डोडा और किश्तवाड़ क्षेत्रों में आतंकी गतिविधियों को पुनर्जीवित करने के लिए स्थानीय युवाओं को भर्ती किया। अब्दुल रऊफ संयुक्त राज्य अमेरिका ने 'विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी' घोषित किया है। अशफाक अहमद पठानकोट वायुसेना स्टेशन हमले शामिल था। हाफिज खालिद वालीद पम्पोर हमले का मास्टरमाइंड। मौलाना इमदाद उल्लाह मक्की पठानकोट एयरबेस पर हमला। मौलाना सैफुल्लाह खालिद वैश्विक आतंकवादी। मोहम्मद याकूब लश्कर कैडर। मौलाना यूसुफ ताईबी धार्मिक उपदेश। ओवैस फारूज़ पुलवामा। क़ारी याक़ूब शेख वैश्विक आतंकवादी। राणा इफ्तिखार जमात-उद-दावा। वसीम नूर जाट जैश-ए-मोहम्मद। मोहम्मद शहीद फैसल लश्कर-ए-तैयबा।

मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2019 में विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम में संशोधन के बाद अब तक कुल 57 व्यक्तियों को इस अधिनियम की धारा 35 के अंतर्गत आतंकवादी घोषित किया जा चुका है।

प्रधानमंत्री ने रिफाइनरी राष्ट्र को समर्पित की

युद्ध संकट में भी पेट्रोल-गैस की कमी नहीं होने दी: मोदी

नईदुनिया ब्यूरो, पचपदराः राजस्थान के पचपदरा में रिफाइनरी राष्ट्र को समर्पित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकास, ऊर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भर भारत को लेकर सरकार की उपलब्धियों का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना केवल एक औद्योगिक इकाई नहीं, बल्कि हजारों युवाओं के रोजगार, राजस्थान की औद्योगिक प्रगति और देश की ऊर्जा सुरक्षा का नया आधार बनेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकारें केवल शिलान्यास नहीं करतीं, बल्कि परियोजनाओं को पूरा कर जनता को समर्पित भी करती हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में पश्चिम एशिया के युद्ध से उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट का उल्लेख करते हुए कहा कि जब दुनिया के अनेक देश ईंधन संकट और बढ़ती कीमतों से जूझ रहे थे, तब भारत ने दूरदर्शी निर्णयों और प्रभावी रणनीति के बल पर हालात संभाले। उन्होंने कहा कि रिफाइनरियों में रसोई गैस का उत्पादन बढ़ाया गया, पाइप गैस संपर्कों का तेजी से विस्तार किया गया और घरेलू उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ नहीं पड़ने दिया गया। उन्होंने दावा किया कि संकट के बावजूद देश में ईंधन की आपूर्ति सामान्य बनी रही तथा जनता को राहत देने के लिए उत्पाद शुल्क में भी कमी की गई।

पीएम ने विकास, ऊर्जा सुरक्षा व रोजगार की उपलब्धियां गिनाईं

प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक संकट के दौरान किसानों को रियायती दर पर यूरिया उपलब्ध कराया गया और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को अतिरिक्त ऋण तथा सरकारी गारंटी देकर आर्थिक गतिविधियों को मजबूती दी गई। उन्होंने कहा कि सरकार ने कठिन समय में भी जनता और उद्योगों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उन्होंने राजस्थान में जोधपुर के नए हवाई अड्डा टर्मिनल, क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना, जयपुर मेट्रो विस्तार, शेखावाटी जल परियोजना तथा लगभग 54 हजार युवाओं को सरकारी नियुक्ति पत्र मिलने का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा, जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी राज्य तेजी से आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्ष 2018 से 2023 के दौरान राज्य में कांग्रेस सरकार के असहयोग के कारण रिफाइनरी परियोजना का कार्य लगभग ठप हो गया था, जबकि डबल इंजन सरकार बनने के बाद कार्य में तेजी आई और आज इसका लोकार्पण संभव हो सका। उन्होंने कहा कि साफ नीयत और तेज निर्णय क्षमता से कठिन से कठिन लक्ष्य भी प्राप्त किए जा सकते हैं तथा यही भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस की कार्यशैली का सबसे बड़ा अंतर है।

ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले मोदी को जान से मारने की धमकी

कैनबरा, एजेंसीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले उन्हें जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, सामाजिक माध्यम पर मेलबर्न में प्रस्तावित कार्यक्रम से संबंधित एक प्रचार पोस्ट के नीचे धमकी भरी टिप्पणी की गई। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि जांच एजेंसियों ने संबंधित अभिलेखीय पते की पहचान कर ली है। प्रधानमंत्री मोदी आठ से दस जुलाई तक ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर रहेंगे। नौ जुलाई को मेलबर्न के मार्वल स्टेडियम में प्रस्तावित कार्यक्रम में उनके शामिल होने की संभावना है। धमकी सामने आने के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं।

12 वर्षों में भारत अभाव से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाः राजनाथ सिंह

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने अभावों से आत्मनिर्भरता, आत्मनिर्भरता से आत्मविश्वास और आत्मविश्वास से विकसित भारत के निर्माण की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने पहले कार्यकाल में अभावों को दूर किया, दूसरे कार्यकाल में आकांक्षाओं को उपलब्धियों में बदला और तीसरे कार्यकाल में सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन की नीति के साथ विकसित भारत की मजबूत नींव रखी जा रही है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में शुरू हुई 'मेक इन इंडिया' पहल ने सफलता के नए मानक स्थापित किए हैं। उन्होंने दावा किया कि भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा में परिवर्तनकारी बदलाव आया है और आज अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विश्व भारत के दृष्टिकोण को गंभीरता से सुनता है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में रक्षा उत्पादन 1.78 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, जबकि रक्षा निर्यात 38 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि देश ने सेमीकंडक्टर निर्माण, मोबाइल विनिर्माण, डिजिटल अवसंरचना और स्वदेशी दूरसंचार तकनीक के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, जनधन, आधार और मोबाइल व्यवस्था के माध्यम से करोड़ों लाभार्थियों तक सीधे सहायता पहुंची तथा बड़े पैमाने पर गबन पर रोक लगी है। उन्होंने वस्तु एवं सेवा कर को सहकारी संघवाद का सफल उदाहरण बताया।

राजनाथ सिंह ने कहा कि अनुच्छेद 370 हटाने, नक्सलवाद पर नियंत्रण, बढ़ते नवप्रवर्तन उद्यमों और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण जैसे कदमों ने देश को नई दिशा दी है। उन्होंने मीडिया से अपील की कि रक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा और सशस्त्र बलों से जुड़े विषयों पर समाचारों में सटीकता, निष्पक्षता और तटस्थता बनाए रखना राष्ट्रीय दायित्व है तथा सही सूचना देना सबसे बड़ी पत्रकारिता है।

खास-खबरें

पति की हत्या कर बाथरूम में दफनाया

नईदुनिया ब्यूरो, आगराः आगरा में एक महिला पर अपने पति की हत्या कर शव को घर के बाथरूम में दफनाने का आरोप है। पुलिस ने महिला की निशानदेही पर बाथरूम का फर्श तोड़कर कंकाल बरामद किया। घटना करीब 45 दिन पहले की है। जांच के दौरान महिला अपने पति के लापता होने का नाटक करती रही, लेकिन उसके व्यवहार पर संदेह होने के बाद मामला खुल गया। महिला ने बताया कि पति शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करता था।

जीजा को जिंदा जलाया, बचाने आई भाभी की भी मौत, आरोपी झुलसा

नईदुनिया ब्यूरो, तरनतारनः पंजाब के तरनतारन जिले के संघा गांव में पारिवारिक विवाद के दौरान एक व्यक्ति पर उसके साले द्वारा पेट्रोल डालकर आग लगाने का आरोप है। घटना में गंभीर रूप से झुलसे व्यक्ति की मृत्यु हो गई। उसे बचाने आई उसकी भाभी भी आग की चपेट में आ गई और उनकी भी जान चली गई। आरोपी भी आग से झुलस गया, जिसे मौके पर मौजूद लोगों ने बचा लिया।

कम पानी वाली फसलों को बढ़ावा दें, प्राकृतिक खेती अपनाएंः डॉ. यादव

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किसानों से अल्प वर्षा की आशंका को देखते हुए कम अवधि और कम पानी में तैयार होने वाली फसलों का रकबा बढ़ाने तथा प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बदलती जलवायु परिस्थितियों में वैज्ञानिक कृषि पद्धतियां अपनाकर ही उत्पादन और किसानों की आय को सुरक्षित रखा जा सकता है। राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा और कृषि उत्पादन को सुरक्षित बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन का महत्व बढ़ गया है। किसानों को खेतों में नमी संरक्षण, सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों का उपयोग तथा कृषि वैज्ञानिकों और कृषि विभाग की सलाह के अनुरूप फसल चयन करना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से श्रीअन्न (मोटे अनाज) जैसे कोदो, कुटकी, रागी, ज्वार और बाजरा जैसी कम पानी में अच्छी उपज देने वाली फसलों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। उनके अनुसार ये फसलें कम लागत, अधिक पोषण और बेहतर आय का माध्यम बनने के साथ जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में भी कारगर हैं।

पायरेटेड फिल्में हटाने के लिए टेलीग्राम को केंद्र का नोटिस

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः केंद्र सरकार ने संदेश आदान-प्रदान मंच टेलीग्राम को फिल्मों और वेब श्रृंखलाओं की पायरेटेड सामग्री उपलब्ध कराने वाले माध्यमों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने कंपनी को नोटिस जारी कर 15 दिनों के भीतर पायरेटेड सामग्री के विरुद्ध की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि टेलीग्राम केवल शिकायत मिलने का इंतजार न करे, बल्कि अपने मंच पर पायरेटेड सामग्री के प्रसार को रोकने के लिए प्रभावी और स्थायी व्यवस्था विकसित करे। मंत्रालय के अनुसार बार-बार नियमों का उल्लंघन करने वाले माध्यमों, समूहों, स्वचालित खातों, खाताधारकों और उनके संचालकों के विरुद्ध भी आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए। सरकार ने कंपनी से कहा है कि उसका वर्तमान रवैया सूचना प्रौद्योगिकी नियमों के अनुरूप नहीं है। इससे पहले भी कंपनी को गोपनीयता से जुड़े मुद्दों पर नोटिस भेजा गया था।

पूर्व नेता खामेनेई की अंतिम विदाई में उमड़ा जनसैलाब

तेहरान, एजेंसीः ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई को अंतिम विदाई देने के लिए शनिवार को तेहरान के ग्रैंड मोसल्ला परिसर में लाखों लोग एकत्र हुए। शिया परंपरा के अनुसार काले वस्त्र पहने लोगों ने छाती पीटकर शोक व्यक्त किया। इस दौरान भीड़ की ओर से खून बहेगा, अमेरिका मुर्दाबाद और बदला-बदला जैसे नारे भी लगाए गए।

खामेनेई के अंतिम संस्कार से जुड़ी रस्में तीन जुलाई से शुरू हुई हैं, जो नौ जुलाई तक चलेंगी। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में सौ से अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। हालांकि रूस, चीन, भारत और तुर्किये सहित कई देशों के शीर्ष नेताओं ने इसमें हिस्सा नहीं लिया और अपने स्थान पर निचले स्तर के प्रतिनिधियों को भेजा।

इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिका ने खामेनेई के अंतिम संस्कार के लिए ईरान को एक सप्ताह की मोहलत दी है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय मानवता के आधार पर लिया गया है।

दावा : सोने से मढ़ी 5 करोड़ की रामचरितमानस गायब

नईदुनिया ब्यूरो, अयोध्याः अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावे को लेकर चल रहे विवाद के बीच पूर्व केंद्रीय गृह सचिव लक्ष्मी नारायण ने दावा किया है कि उनके द्वारा मंदिर ट्रस्ट को भेंट की गई सोने से मढ़ी रामचरितमानस गायब हो गई है। उनका कहना है कि उन्होंने 8 अप्रैल 2024 को लगभग सवा क्विंटल वजनी रामचरितमानस मंदिर ट्रस्ट को भेंट की थी, लेकिन आज तक इसकी रसीद नहीं दी गई। उन्होंने दावा किया कि चौबीस कैरेट सोने की परत से मढ़े लगभग एक हजार पृष्ठों वाले इस ग्रंथ की कीमत करीब पांच करोड़ रुपये है। लक्ष्मी नारायण ने आरोप लगाया कि भेंट सौंपने के दौरान उन्हें कई घंटे इंतजार करना पड़ा। बाद में उन्होंने ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा तथा ट्रस्ट सदस्य गोपाल राव से भी संपर्क किया, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। उनका कहना है कि दोबारा मुलाकात के दौरान भी उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

भाजपा विधायक राजू कुमार सिंह को चार वर्ष की सजा

- 25 लाख रुपये का मुआवजा देने का भी दिया आदेश
- 8 वर्ष पहले हर्ष फायरिंग में महिला डॉक्टर की हुई थी मौत

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने वर्ष 2018 के चर्चित हर्ष फायरिंग प्रकरण में बिहार के भारतीय जनता पार्टी विधायक राजू कुमार सिंह को चार वर्ष के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने उन्हें पीड़ित परिवार को 25 लाख रुपये मुआवजा देने का भी निर्देश दिया है। मुआवजा राशि का भुगतान नहीं करने की स्थिति में अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

यह मामला नए वर्ष के स्वागत समारोह के दौरान हुई हर्ष फायरिंग से जुड़ा है, जिसमें एक महिला चिकित्सक की गोली लगने से मृत्यु हो गई थी। अदालत ने इससे पहले राजू कुमार सिंह को गैर इरादतन मानव वध तथा शस्त्र संबंधी प्रावधानों के उल्लंघन का दोषी ठहराया था। सजा तय करते समय अदालत ने कहा कि सार्वजनिक समारोहों में लापरवाही से की जाने वाली हर्ष फायरिंग गंभीर परिणाम पैदा करती है और ऐसे मामलों में कानून के प्रति जवाबदेही आवश्यक है।

पत्रकार वार्ता एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल सुरक्षित, सरकार ने दी सफाई, कहा-

वैश्विक मानकों के अनुरूप लागू की गई योजना

- पर्यावरण संरक्षण में भी मिलेगी मदद

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण को लेकर उठ रहे सवालों के बीच केंद्र सरकार ने शनिवार को कहा कि एथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम पूरी तरह वैज्ञानिक, चरणबद्ध और परीक्षण आधारित प्रक्रिया के तहत लागू किया गया है। सरकार ने स्पष्ट किया कि यह व्यवस्था किसी तात्कालिक निर्णय का परिणाम नहीं है, बल्कि व्यापक अध्ययन, तकनीकी परीक्षण और सभी संबंधित पक्षों के परामर्श के बाद लागू की गई है।

दिल्ली में आयोजित विशेषज्ञों की पत्रकार वार्ता में सरकार की ओर से उपस्थित विशेषज्ञ वर्तिका शुक्ला ने बताया कि वर्ष 2013-14 में पेट्रोल में केवल 1.5 प्रतिशत एथेनॉल मिलाया जाता था, जिसे क्रमिक रूप से बढ़ाकर अब 20 प्रतिशत तक पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य निर्धारित समय से पांच वर्ष पहले, दिसंबर 2025 तक ही प्राप्त कर लिया गया।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में एथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से सभी संबंधित

पक्षों के समक्ष चर्चा और विचार-विमर्श के लिए रखा गया था। यह पूरी योजना वैज्ञानिक प्रमाणों पर आधारित है तथा इसे वाहन निर्माता कंपनियों और उनसे जुड़ी प्रमुख तकनीकी संस्थाओं का समर्थन प्राप्त है। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था का बड़े स्तर पर परीक्षण भी किया जा चुका है।

सरकार का कहना है कि पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने की व्यवस्था विश्व के अनेक देशों में पहले से लागू है और भारत ने भी उसी वैश्विक व्यवस्था को अपनाया है। इसका उद्देश्य जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करना तथा कार्बन उत्सर्जन में कमी लाकर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है।

इधर, वर्ष 2023 से पहले निर्मित पेट्रोल वाहनों के कुछ मालिकों ने एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को लेकर चिंता जताई है। उनका दावा है कि इससे वाहनों का औसत कम हो रहा है, रखरखाव का खर्च बढ़ रहा है तथा इंजन के कुछ पुर्जों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। हालांकि सरकार ने कहा कि एथेनॉल मिश्रण से ईंधन की खपत में मामूली अंतर आ सकता है, लेकिन इससे इंजन के प्रदर्शन और वाहन की क्षमता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। सरकार ने दोहराया कि यह कार्यक्रम वैज्ञानिक परीक्षणों और वैश्विक मानकों के अनुरूप लागू किया गया है।